200 से अधिक जर्जर भवन बने खतरा, हर बारिश में हादसे की आशंका

खास बातें

- नगर पालिका नोटिस जारी कर निभा रही औपचारिकता
- खंडहर हो चुकी सरकारी इमारतें भी बनीं जोखिम
- बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

नवभारत न्यूज

विदिशा 3 जुलाई, मानसून की सक्रियता के साथ ही शहर में जर्जर और खंडहर हो चुके भवन एक बार फिर चिंता का कारण बन गए हैं. शहर में 200 से अधिक पुराने और क्षतिग्रस्त मकान ऐसे हैं, जिनके किसी भी समय भरभराकर गिरने की आशंका बनी हुई है. इन भवनों के आसपास घनी आबादी होने के कारण हर बारिश में लोगों की चिंता बढ़ जाती है सबसे अधिक खतरा उन बच्चों को रहता है जो इन खंडहरों के आसपास खेलते हैं, जबकि संकरी गलियों से दिनभर दोपहिया और चारपहिया वाहन भी गुजरते हैं. हर वर्ष बारिश शुरू होने से पहले नगर पालिका द्वारा जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किए जाते हैं। भवनों की मरम्मत कराने अथवा उन्हें गिराने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में कार्रवाई नोटिस तक ही सीमित रह जाती है.न तो भवनों को सुरक्षित कराया जाता है और न ही ऐसे स्थानों को आम लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाता है. परिणामस्वरूप बारिश के दौरान इन भवनों के गिरने का खतरा लगातार बना रहता है. शहर के कई पुराने मोहल्लों में दशकों पुराने मकान अब पूरी तरह खंडहर की स्थिति में पहुंच चुके हैं. कई भवनों की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं, छतें कमजोर हो गई हैं और बारिश का पानी लगातार उनकी नींव को नुकसान पहुंचा रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हो रही बारिश से ऐसे भवनों के अचानक ढहने का खतरा और बढ़ जाता है.

शहर में दीवार गिरने, छज्जा टूटने के आते हैं मामले सामने

चिंता की बात यह भी है कि केवल निजी भवन ही नहीं, बल्कि कई सरकारी इमारतें भी जर्जर अवस्था में हैं। इनमें से कुछ भवन वर्षों पुराने हैं और उनकी नियमित मरम्मत नहीं हो सकी है. ऐसे भवनों में कई जगह कर्मचारियों का आना-जाना लगा रहता है, वहीं आसपास आम नागरिकों की आवाजाही भी रहती है। यदि समय रहते इनका तकनीकी परीक्षण और आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है. हर वर्ष मानसून के दौरान शहर में दीवार गिरने, छज्जा टूटने या जर्जर मकानों के हिस्से ढहने जैसी घटनाएं सामने आती रही हैं. कई बार लोगों को चोटें भी आई हैं और जान-माल का नुकसान हुआ है. इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा सके हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को केवल नोटिस जारी करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए. जिन भवनों से तत्काल खतरा है, उन्हें चिन्हित कर बैरिकेडिंग की जाए, आवश्यकता होने पर उन्हें खाली कराया जाए और नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की जाए. साथ ही, जर्जर सरकारी भवनों का भी सर्वे कर उनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए. बारिश में प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है. यदि समय रहते जर्जर भवनों के संबंध में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है. शहरवासियों का मानना है कि जान-माल की सुरक्षा के लिए प्रशासन को औपचारिक नोटिस से आगे बढ़कर ठोस और त्वरित कदम उठाने होंगे, ताकि हर वर्ष मंडराने वाले इस खतरे को स्थायी रूप से समाप्त किया जा सके.

दुष्कर्म के आरोपियों के घरों को किया जाए जमींदोज

- दो अलग-अलग तहसीलों से शिकायत करने आए समाज और परिजन
- आरोपी डॉक्टर पर सख्त कार्रवाई की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन
- परिजनों व समाजजनों ने अस्पताल सील करने, लाइसेंस निरस्त करने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग उठाई

नवभारत न्यूज

विदिशा 3 जुलाई, सिरोंज में एक युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार एवं समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोपी डॉक्टर संजीव माथुर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने, उसके अस्पताल को सील करने, चिकित्सकीय लाइसेंस निरस्त करने तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई. ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आरोपी के विरुद्ध निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके. समाज के लोगों ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया कि आरोपी डॉक्टर अन्य चिकित्सकों के नाम का गलत उपयोग कर मरीजों को गुमराह करता है तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत भी अनियमितताएं करता रहा है. ज्ञापन में कुछ लोगों ने आरोपी के अस्पताल और संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की भी मांग की.

नटेरन दुष्कर्म मामले में आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग

समाजजनों ने पीड़िता को न्याय और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई

नटेरन क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के विरोध में शुक्रवार को समाज के लोगों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने के साथ उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई. ज्ञापन देने पहुंचे लोगों का कहना था कि इस तरह के जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समाज में कड़ा संदेश जाए और भविष्य में कोई भी ऐसी घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके. उन्होंने पीड़ित बच्ची और उसके परिवार को न्याय दिलाने की भी मांग की. उल्लेखनीय है कि आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग प्रदर्शनकारियों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से उठाई गई है.

आरसेटी में आईटीआई प्रवेश कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

विदिशा. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में युवतियों को तकनीकी शिक्षा और रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई विदिशा द्वारा विशेष प्रवेश कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, प्रवेश प्रक्रिया तथा प्रशिक्षण के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई.कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इच्छुक युवतियों का मौके पर ही ऑनलाइन पंजीकरण भी किया गया, जिससे उन्हें अलग से संस्थान के चक्कर नहीं लगाने पड़े. बड़ी संख्या में युवतियों ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए तत्काल आवेदन कराया. प्रतिभागियों ने इस पहल को समय और संसाधनों की बचत करने वाला प्रभावी प्रयास बताया. कार्यशाला में आईटीआई की टीम, आरसेटी के अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे.

राम मंदिर दान चोरी और उज्जैन भूमि मामले पर कांग्रेस का हमला

- जिला कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में केंद्र व प्रदेश सरकार पर लगाए गंभीर आरोप
- श्वेत पत्र जारी करने और जवाबदेही तय करने की मांग की
- 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास घेराव का ऐलान

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिला कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान-चढ़ावे में कथित चोरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित भूमि खरीद मामले को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए.

कांग्रेस नेताओं ने दोनों मामलों की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने, श्वेत पत्र जारी करने और जवाबदेही तय करने की मांग की. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि राम मंदिर देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. ऐसे में दान-चढ़ावे में कथित अनियमितताओं और चोरी की घटनाओं ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है. उन्होंने कहा कि यदि मंदिर निर्माण और उससे जुड़े कार्यों का श्रेय सरकार लेती है तो इस मामले में जवाबदेही भी तय होनी चाहिए. कांग्रेस ने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली, कथित चोरी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने, पूरे चढ़ावे का निष्पक्ष ऑडिट कराने और मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की. कांग्रेस ने प्रदेश में युवाओं से जुड़े परीक्षा विवाद, किसानों को डीएपी-यूरिया की कमी, मूंग खरीदी और अन्य जनहित के मुद्दे भी उठाए. पार्टी ने घोषणा की कि 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा तथा विधानसभा सत्र में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा. साथ ही मुख्यमंत्री के प्रत्येक दौरे पर कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे इन मामलों में जवाब मांगेंगे. प्रेसवार्ता में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा, विकास शर्मा बासौदा, गोविंद भार्गव सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे.

फ्लिपकार्ट हब चोरी का पूरा खुलासा

नवभारत न्यूज

विदिशा, थाना कोतवाली पुलिस ने फ्लिपकार्ट हब की सूनी दुकान में हुई चोरी के मामले का पूर्ण खुलासा करते हुए दूसरे फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है.आरोपी के कब्जे से 70 हजार नगद बरामद किए गए हैं.इससे पहले पुलिस एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 80 हजार बरामद कर चुकी थी.दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ चोरी गई कुल 1.50 लाख की राशि शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई है. पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही थी. पहले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद दूसरे आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हर्ष शर्मा (20) निवासी मोहनगिरी, को गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसके कब्जे से 70 हजार नगद बरामद किए गए. पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले .80 हजार और अब 70 हजार की बरामदगी के साथ चोरी गई पूरी 1.50 लाख की नकदी बरामद कर ली गई है.

किसानों की समस्याओं को लेकर 5 जुलाई को धरना-प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिला किसान कांग्रेस द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहा, विदिशा पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा. इसके बाद प्रशासन को किसानों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जाएगा. जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि जिले के किसान इन दिनों खाद की कमी, कालाबाजारी, मूंग उपार्जन में आ रही परेशानियों, ई-टोकन व्यवस्था और पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन मुद्दों पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने और किसानों को राहत दिलाने के उद्देश्य से यह आंदोलन आयोजित किया जा रहा है.

सफाई कर्मचारियों को वितरित किए गए रेनकोट

- यूनियन के प्रयास से मिली सुविधा
- नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ का माना आभार

नवभारत न्यूज

विदिशा, नगर पालिका में तैनात सफाई कर्मचारियों को बारिश के दौरान काम करने के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है. इन परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने सभी सफाई कर्मचारियों को रेन कोट दिए है. जिस पर सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और सीएमओ का आभार माना है. अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री नरेन्द्र चौहान एवं जिला अध्यक्ष कमल खरे के नेतृत्व में समस्त मेट, दरोगा साथियों और सफाई कर्मचारियों के सफल प्रयासों से कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश सिंह ठाकुर से चर्चा की गई. चर्चा के बाद मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने तत्काल सफाई कर्मचारियों के लिए रेनकोट वितरण की व्यवस्था कराई. यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि बारिश के मौसम में सफाई कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। ऐसे में रेनकोट मिलने से कर्मचारियों को राहत मिलेगी और वे सुरक्षित एवं बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे. कर्मचारियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं यूनियन नेतृत्व का आभार व्यक्त किया. इस दौरान नपा के स्वास्थ्य विभाग अधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि किसी भी सफाई कर्मचारियों को बारिश के दौरान काम दौरान आने वाली सभी परेशानियों को दूर करेंगे.

सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, रास्ता बंद होने से वार्डवासियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

सुभाष नगर वार्ड-31 के रहवासियों ने अवैध निर्माण रोककर आवागमन का रास्ता बहाल करने की मांग की

नवभारत न्यूज

विदिशा, सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 31 के रहवासी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायत की. वार्डवासियों का आरोप है कि अशोक विश्वकर्मा नामक व्यक्ति सरकारी भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण करा रहा है, जिससे क्षेत्र का आम रास्ता बंद होने की स्थिति बन गई है. शिकायतकर्ताओं का कहना है कि करीब 7 से 8 फीट तक सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है.यदि निर्माण नहीं रोका गया तो क्षेत्र के लोगों के लिए पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाएगा और आवागमन पूरी तरह प्रभावित होगा. ज्ञापन देने पहुंचे लोगों में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे.उन्होंने प्रशासन से तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा क्षेत्रवासियों के लिए आवागमन का रास्ता सुरक्षित रखने की मांग की. फिलहाल यह शिकायत वार्डवासियों द्वारा प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत की गई है.मामले में प्रशासन की ओर से जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

सोसायटी का निरीक्षण कर ई-टोकन से उर्वरक वितरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

विदिशा. खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत उपसंचालक कृषि सचिन जैन ने नटेरन विकासखंड के ग्राम ऐंचदा स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक का वितरण केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाए.इसके बाद ग्राम आमखेड़ा कालू में कृषि विभाग एवं आईटीसी ई-चौपाल के सहयोग से उन्नत उड़द मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. किसानों को उन्नत बीज वितरित किए गए.

आयोजन | **रोटे. मुकेश साहू के मुख्य आतिथ्य में नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, सेवा कार्यों को गति देने का लिया संकल्प**

रोटरी क्लब ऑफ भेलसा विदिशा का चतुर्थ अधिष्ठापन समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

विदिशा. रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ भेलसा विदिशा का चतुर्थ अधिष्ठापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. समारोह में वर्ष 2027-28 के आगामी मंडलाध्यक्ष रोटे. मुकेश साहू मुख्य अतिथि एवं डीजीएन रोटे. सुखदेव घुम्मन अधिष्ठापन अधिकारी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष रहे. क्लब अधिकृत सहायक मंडलाध्यक्ष रोटे. अभिषेक जैन की विशेष उपस्थिति रही.

समारोह में सत्र 2026-27 के लिए रोटे. शरद शर्मा ने अध्यक्ष, रोटे. रामबाबू शर्मा ने सचिव तथा रोटे. दिलीप जौहरी ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली. सभी पदाधिकारियों को पिन, सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अधिष्ठापित किया गया. पूर्व अध्यक्ष दिनेश रामानी एवं पूर्व सचिव नीरज तेनगुरिया ने नवीन पदाधिकारियों को कॉलर हस्तांतरित किए.कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ. स्वागत भाषण अध्यक्ष शरद शर्मा ने दिया, जबकि सचिव नीरज तेनगुरिया ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. संचालन दिलीप जौहरी ने किया.मुख्य अतिथि रोटे. मुकेश साहू ने रोटरी सेवा को जन-जन तक पहुंचाने, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक प्रकल्पों को बढ़ावा देने का आह्वान किया. वहीं रोटे. सुखदेव घुम्मन ने रोटरी के माध्यम से जनोपयोगी परियोजनाओं एवं मानव सेवा कार्यों को विस्तार देने पर जोर दिया.समारोह में विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारी, क्लब सदस्य, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. अंत में सचिव रोटे. रामबाबू शर्मा ने आभार व्यक्त किया.